# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

(1)

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 308 | बिजौलिया - सोमवार, 18 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## पंचायत-निकाय चुनाव में देरी पर हाईकोर्ट सख्त, आज होगी अहम सुनवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान में पंचायत एवं निकाय चुनावों में हो रही देरी को लेकर दायर अवमानना याचिका पर आज राजस्थान हाईकोर्ट में अहम सुनवाई होगी। हाईकोर्ट की खंडपीठ राज्य चुनाव आयोग पर पूर्व में दिए गए आदेशों की अवहेलना के आरोपों को लेकर सुनवाई करेगी। मामले को लेकर प्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है।

जानकारी के अनुसार न्यायमूर्ति महेंद्र कुमार गोयल और न्यायमूर्ति अनिल कुमार उपमन की खंडपीठ पूर्व विधायक संयम लोढ़ा एवं अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करेगी। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह को अवमानना नोटिस जारी किए थे।




अदालत ने चुनाव आयोग से यह स्पष्ट करने को कहा था कि हाईकोर्ट द्वारा तय समय सीमा के बावजूद निकाय चुनावों के लिए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित अवधि से बाहर क्यों जारी किया गया। अदालत ने इस पर गंभीर आपत्ति जताते हुए आयोग से जवाब मांगा था।

याचिका में पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार और चुनाव आयोग जानबूझकर पंचायत और निकाय चुनावों को टालने का प्रयास कर रहे हैं। याचिका के अनुसार आयोग ने निकाय चुनावों के लिए 22 अप्रैल तक अंतिम मतदाता सूची जारी करने का कार्यक्रम निर्धारित किया था, जबकि हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया 15 अप्रैल तक पूरी करने के निर्देश दिए थे। ऐसे में तय समय सीमा में चुनाव कराना संभव नहीं था।

उल्लेखनीय है कि पंचायत और निकाय चुनावों को आगे बढ़ाने को लेकर राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग की ओर से भी हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। इस मामले में 11 मई को हुई सुनवाई के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और न्यायमूर्ति संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

राज्य सरकार ने अपने आवेदन में विभिन्न प्रशासनिक और मौसमी परिस्थितियों का हवाला देते हुए दिसंबर तक चुनाव टालने की मांग की थी। वहीं राज्य चुनाव आयोग ने भी सरकार के पक्ष का समर्थन करते हुए कहा था कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया पूरी हुए बिना चुनाव कराना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है।

## बिजोलिया प्रेस ट्रस्ट मामले में हाईकोर्ट का बड़ा हस्तक्षेप

### ट्रस्ट के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर लगाई रोक, प्रशासन से 4 सप्ताह में मांगा जवाब

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बे के चर्चित प्रेस ट्रस्ट भूमि प्रकरण में राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर ने महत्वपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए ट्रस्ट को बड़ी राहत प्रदान की है। न्यायालय ने तहसीलदार बिजोलिया द्वारा जारी नोटिस पर अंतरिम रोक लगाते हुए आदेश दिए हैं कि याचिकाकर्ता एवं प्रेस ट्रस्ट के खिलाफ उक्त नोटिस के आधार पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाए।

मामले में प्रेस ट्रस्ट बिजोलिया के अध्यक्ष श्याम विजयवर्गीय की ओर से अधिवक्ता भैरूलाल जाट, जितेंद्र सिंह गौड़ एवं कपिल विजयवर्गीय ने उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की। याचिका में बताया गया कि प्रेस ट्रस्ट बिजोलिया का आराजी नंबर 2013/243 (नया आराजी नंबर 2280/2013) पर पिछले करीब 22 वर्षों से कब्जा चला आ रहा है।

याचिका के अनुसार ट्रस्ट की ओर से उक्त भूमि के आवंटन के लिए मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर




भीलवाड़ा को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस पर उपखंड अधिकारी बिजोलिया तथा तहसीलदार बिजोलिया को जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए। स्थानीय प्रशासन द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए भूमि आवंटन की अनुशंसा भी की गई। इसके बाद तहसीलदार ने भूमि आवंटन का प्रस्ताव तैयार कर उपखंड अधिकारी को भेज दिया, लेकिन आवंटन की प्रक्रिया अभी तक लंबित है।

इसी बीच, याचिका में आरोप लगाया गया कि राजनीतिक द्वेषता के चलते तहसीलदार बिजोलिया ने 5 मई को ट्रस्ट अध्यक्ष श्याम सुंदर विजयवर्गीय को व्यक्तिगत नोटिस जारी कर उक्त स्थान से पांच दिन के भीतर कब्जा हटाने के आदेश दिए। ट्रस्ट की ओर से नोटिस का जवाब प्रस्तुत किए जाने के बावजूद प्रशासनिक दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया गया।

याचिका में यह भी कहा गया कि एक ओर प्रशासन स्वयं भूमि आवंटन की अनुशंसा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कब्जा हटाने के नोटिस जारी कर रहा है, जो विरोधाभासी स्थिति को दर्शाता है। इससे आहत होकर ट्रस्ट की ओर से राजस्थान उच्च न्यायालय की शरण ली गई।

मामले की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने तहसीलदार के नोटिस पर रोक लगाते हुए जिला कलेक्टर भीलवाड़ा, उपखंड अधिकारी बिजोलिया, तहसीलदार बिजोलिया एवं नगरपालिका बिजोलिया को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

अब इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई माह के तीसरे सप्ताह में निर्धारित की गई है।

गौरतलब है कि उक्त भूमि के नजदीक सहित नगर की अन्य सरकारी एवं बिलानाम जमीनों पर बड़ी संख्या में अतिक्रमण हैं, लेकिन प्रेस ट्रस्ट से जुड़े इस मामले में व्यक्ति विशेष को निशाना बनाते हुए कार्रवाई किए जाने की चर्चा कस्बे में बनी हुई है।

## 11 केवी लाइन में फॉल्ट से बड़ा हादसा, करंट लगने से युवक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।**

जिले के बागोर थाना क्षेत्र स्थित गुंदली गांव में शनिवार देर रात 11 केवी विद्युत लाइन में आए फॉल्ट के कारण बड़ा हादसा हो गया। ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से कई घरों में करंट फैल गया, जिससे एक युवक की मौत हो गई जबकि सात लोग झुलस गए। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और करीब 50 घरों में बिजली के उपकरण जलकर खराब हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने मुआवजे और सुरक्षा व्यवस्थाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया।

जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 12 बजे गांव से गुजर रही 11केवी लाइन में तकनीकी खराबी आ गई। फॉल्ट के बाद तेज धमाके के साथ ट्रांसफार्मर में आग लग गई। इसी दौरान घर में मोबाइल चार्जिंग पर लगा रहे किशन लाल (35) पुत्र मांगीलाल करंट की चपेट में आ गए, जिससे



उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में गांव के सात अन्य लोग भी झुलस गए।

घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को सूचना देने का प्रयास किया, लेकिन समय पर सप्लाई बंद नहीं होने से लोगों में रोष फैल गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण देर रात ग्रिड स्टेशन पहुंचे और बिजली सप्लाई बंद करवाई।

हादसे में गांव के करीब 50 घरों में टीवी, फ्रिज, कूलर, मोबाइल चार्जर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खराब हो गए। मृतक किशन लाल पूर्व सरपंच के पुत्र बताए जा रहे हैं। उनके परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं तथा परिवार खेती-किसानी से जुड़ा हुआ है।

घटना की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। बाद में शव को महात्मा गांधी जिला अस्पताल की मोर्चुरी पहुंचाया गया, जहां रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपए का आर्थिक मुआवजा,



परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा गांव के बीच से गुजर रही 11केवी लाइन को आबादी क्षेत्र से बाहर शिफ्ट करने की मांग की। अधिकारियों से वार्ता के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

पुलिस ने बताया की 11केवी लाइन में फॉल्ट आने से हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की मौत हुई है तथा कई घरों के बिजली उपकरण खराब हुए हैं।

मामले में जांच की जा रही है और विद्युत विभाग के संबंधित कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

## बजरी माफियाओं को पुलिस लोकेशन देना पड़ा भारी, चार गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव।** अवैध बजरी खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों को पुलिस की लोकेशन देकर सूचना पहुंचाने के मामले में बड़लियास थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के दौरान पुलिस की गतिविधियों की जानकारी मोबाइल के माध्यम से माफियाओं तक पहुंचाई जा रही थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चांदगढ़ निवासी रतन पुत्र तारू ओड़ (46), व्यासजी का बड़ला निवासी सुनील पुत्र जमनालाल जाट (19), हासियास निवासी बंजी सिंह पुत्र भगवान सिंह राजपूत (20) तथा धांगड़ास निवासी हीरालाल पुत्र रामलाल भील (20) को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। वहीं पुलिस की लोकेशन साझा करने वाले सोशल मीडिया ग्रुप एवं मोबाइल गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जा रही है।

## अवैध बजरी खनन पर बड़लियास पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव।** अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़लियास थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है।

पुलिस कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया।

थाना पुलिस के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर थाना प्रभारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान थाना क्षेत्र के रेण गांव के पास अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए



एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर थाने में खड़ा करवाते हुए प्रकरण दर्ज किया है। कार्रवाई में दीवान बजरंगलाल, कांस्टेबल विजय विक्रम सिंह एवं दिनेश कुमार लक्षकार सहित पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही।

## भूमाफियाओं पर बड़ी कार्रवाई, मास्टरमाइंड सहित 4 आरोपी पकड़े गए

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कोतवाली थाना पुलिस ने भूमाफियाओं के एक गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूखंड पर कब्जा करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी फर्जी बिकवाली नामे और नकली हस्ताक्षरों के जरिए प्लॉट हड़पने का प्रयास कर रहे थे। मामले में एफएसएल जांच में भी दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारस जैन, वृत्ताधिकारी शहर सज्जन सिंह एवं थाना प्रभारी हनुमान सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले में वकील कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय प्रकाशचंद्र मंडोवरा ने वर्ष 2023 में इस्तगासे के जरिए मामला दर्ज कराया था। परिवादी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1990 में नगर विकास न्यास से पंचवटी योजना स्थित भूखंड संख्या 669-ए खरीदा था, जिसकी रजिस्ट्री वर्ष 2000 में उनके नाम हुई थी। हाल ही में उन्होंने भूखंड का लीज मुक्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया था।

परिवादी के अनुसार जब उन्होंने अक्टूबर 2023 में प्लॉट पर बाउंड्री वॉल का निर्माण शुरू कराया तो आरोपी घनश्याम मनवानी वहां पहुंचा और प्लॉट पर अपना दावा जताते हुए एक कथित बिकवाली नामा दिखाया। जांच में सामने आया कि उक्त दस्तावेज पर परिवादी के फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे। आरोप है कि घनश्याम मनवानी, हेमंत मेठानी, नूर मोहम्मद और स्टांप विक्रेता गोपालदास ने मिलकर साजिश रचते हुए वर्ष 2009 की बैकडेट में फर्जी दस्तावेज तैयार किए। पुलिस ने मामले में विवादित दस्तावेजों की एफएसएल जांच करवाई, जिसमें परिवादी के असली हस्ताक्षरों और दस्तावेज पर किए गए हस्ताक्षरों में मेल नहीं पाया गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी घनश्याम मनवानी (सिंधी), गोपालदास वैष्णव, हेमंत कुमार सिंधी और नूर मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की जानकारी जुटा रही है। मामले की जांच जारी है।

## चाकू की नोक पर महिला से लूट का खुलासा, 5 हजार का इनामी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले की पारोली थाना पुलिस ने फलासेड रोड पर महिला से चाकू की नोक पर जेवरात लूटने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट का माल खरीदने वाले 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने थाना प्रभारी सियाराम के नेतृत्व में विशेष टिम गठित कर कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद अमजद उल्ला को गिरफ्तार किया। आरोपी चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा क्षेत्र का रहने वाला है और उस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

पुलिस ने बताया की 27 फरवरी 2026 को फलासेड निवासी एक महिला ने पारोली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। महिला ने बताया कि वह शाम के समय खेत से घर लौट रही थी, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार बदमाशों ने रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने चाकू दिखाकर महिला के गले में पहने करीब तीन तोला सोने के जेवरात लूट लिए। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट की तथा चाकू से हमला कर घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

मामले में पुलिस ने पहले ही आरोपी भैरूलाल उर्फ नानालाल मोग्या और गोवर्धन मोग्या को गिरफ्तार कर कुछ जेवरात बरामद किए थे। पूछताछ में सामने आया कि लूटे गए जेवरात आरोपी भैरूलाल और उसके साथी विशाल उर्फ विकास मोग्या ने मोहम्मद अमजद उल्ला को बेच दिए थे।

इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद अमजद उल्ला को डिटेन कर गहन पूछताछ की, जिसमें उसने लूट के जेवरात खरीदना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब शेष जेवरात बरामद करने के प्रयास में जुटी हुई है।

कार्रवाई में पारोली थाना प्रभारी सियाराम, उप निरीक्षक मुंशी खां, कांस्टेबल मनीष कुमार, शैतान सिंह, श्योपाल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह और रणजीत की विशेष भूमिका रही।

# RAS में चयनित हेमा धाकड़ का सम्मान



बिजोलिया । हेमा धाकड़ का हुआ सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**मानव तिवाड़ी।** विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में क्षेत्र की प्रतिभा जावदा निवासी हेमा धाकड़ के ऱ्रू में अंतिम चयन होने पर विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय समिति अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ब्रह्मभट्ट, सचिव नंदलाल धाकड़, प्रधानाचार्य मिठूलाल शर्मा, माया टेलर एवं रुक्मिणी गौड़ ने हेमा धाकड़ का तिलक लगाकर, शॉल, श्रीफल, केसरिया दुपट्टा एवं श्रीमद्भगवत गीता भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर हेमा धाकड़ ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के साथ करियर गाइडेंस विषय पर संवाद करते हुए सफलता के टिप्स साझा किए और विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में देवकरण धाकड़, ओम शर्मा, कमला गौड़, प्रिया कानावत, योगिता सोलंकी, ईश्वर सेन, पिंकी गौड़, कविता चौहान, मुकेश कुमार, दिव्य राजपूत, लक्ष्मी गौड़, कुलदीप कानावत सहित विद्यालय परिवार एवं कक्षा 10वीं के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हरी सेवा धाम में 1111 निःशुल्क परिंडा वितरण अभियान का शुभारंभ

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए राहत की अनूठी पहल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हरी सेवा धाम में 1111 निःशुल्क परिंडा वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में 'एक मुट्ठी अन्न, एक लोटा जल' अभियान की शुरुआत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ हुई।

हंस गंगा हरीशेवा भक्त मंडल एवं तेली समाज युवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य घरों, छतों और पेड़ों पर परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए शीतल जल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास महाराज, महंत मोहन शरण शास्त्री, महंत बनवारी शरण काठिया बाबा एवं संत गोविंदराम का सानिध्य रहा।



संतों ने इसे जीव मात्र एवं प्रकृति सेवा का श्रेष्ठ कार्य बताते हुए आमजन से अधिक से अधिक संख्या में अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने परिंडे प्राप्त कर उन्हें नियमित रूप से जल से भरने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में विचार परिवार से चांदमल सोमानी, सुरेश गोयल, रवींद्र जाजू, हीरालाल गुरनानी, विनोद झूरानी, रमेश मुंदड़ा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। वहीं तेली समाज युवा समिति की ओर से एडवोकेट लादूलाल तेली, कैलाशचंद्र आसरवा, देवराज तेली, दीपक गुटकणिया, नंदकिशोर साहू सहित कई समाजजन एवं युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# लक्ष्मीनारायण मंदिर में अधिकमास में हुआ मंत्रोच्चार के साथ भगवान का पंचामृत अभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर के भोपालगंज स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में रविवार से पवित्र अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) का श्रद्धा और उल्लास के साथ आगाज हो गया है। इस पावन महीने के शुभारंभ पर मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर के पुजारी विष्णु प्रकाश ने बताया कि अधिक मास के प्रथम दिन रविवार को सुबह 5 बजे से ही मंदिर परिसर गूंज उठा। विद्वान पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान लक्ष्मीनारायण का दो बार भव्य पंचामृत अभिषेक किया गया। ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि अभिषेक के पश्चात भगवान को नई और नयनाभिराम



पोशाक धारण कराई गई और उनका दिव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद ठाकुर जी को शीतल व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। भोग अर्पण के बाद विधि-विधान से महाआरती उतारी गई और उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

# बजरंग दल का सात दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग गुलाबपुरा में, 20 कार्यकर्ता हुए रवाना

## शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में युवाओ को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से बनाया जाता है सुदृढ़ व मजबूत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल का सात दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग जिले के गुलाबपुरा में प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर 23 मई तक चलेगा। बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से देशव्यापी स्तर पर इस शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जाता है। इस वर्ग में 15 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा हिस्सा लेते हैं, जहाँ उन्हें



शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सुदृढ़ व मजबूत बनाया जाता है। इस सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए भीलवाड़ा महानगर से 20 बजरंग दल कार्यकर्ता गुलाबपुरा के लिए रवाना हुए। विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों वे महानगर अध्यक्ष रामप्रकाश बेहड़िया ने उत्साहवर्धन करते हुए सभी कार्यकर्ताओं का मुँह मीठा कराया और उन्हें तिलक लगाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया किया। इस अवसर पर महानगर से अनिल बाठिया, सौम्य मेहता, पवन ठाकुर, हितेश नाथ योगी, नीलेश सोनी प्रखण्ड से योगेश सोनी, अर्जुन साहू, नवीन आर्य, संवार माली, शुभम मिश्रा उपस्थित रहे।

# तकनीक के साथ कदम मिलाकर चलना समय की जरूरत : सीए दिनेश नोलखा

## आईसीएआई भीलवाड़ा शाखा में एआई सर्टिफिकेट कोर्स सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

आईसीएआई भीलवाड़ा शाखा द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए 'एआईसीए लेवल-1' सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन 15 से 17 मई तक किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 से अधिक सीए ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एवं नितिन स्पिनर्स लिमिटेड के चेयरमैन सीए दिनेश नोलखा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य में प्रोफेशनल कार्यप्रणाली को पूरी तरह बदल देगा, इसलिए सीए को तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा।



शाखा अध्यक्ष सीए दिनेश सुथार ने बताया कि कोर्स का उद्देश्य प्रतिभागियों को एआई टूल्स, ऑडिट, टैक्सेशन, डाटा विश्लेषण एवं कार्यालय प्रबंधन में उनके उपयोग की जानकारी देना था। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, डाटा गोपनीयता एवं एआई रिस्क मैनेजमेंट जैसे विषयों पर भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सीए सुलभ गुप्ता, सीए अखिल



पचौरी एवं सीए रिशीर सोनी ने विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षण दिया। अंत में शाखा पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# गंगापुर में अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।

अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सोहस्ती वाटिका, गंगापुर में महंत 1008 श्यामसुंदर दास महाराज के पावन सानिध्य में धूमधाम से संपन्न हुआ। आयोजक राष्ट्रीय महामंत्री श्याम सुंदर त्रिपाठी ने कहा की समारोह में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, जिला तथा तहसील स्तर की कार्यकारिणियों के पदाधिकारियों ने एक साथ शपथ ली। राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

मुख्य पदाधिकारी अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित नारायण व्यास ,कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट श्याम शर्मा, केन्द्रीय अधिशाषी कीर्ति कुमार शर्मा ,राष्ट्रीय अध्यक्षअमरकण्ठ उपाध्याय , राष्ट्रीय महामंत्री श्याम सुंदर त्रिपाठी इसके अलावा विजय प्रकाश, महावीर आचार्य ओमप्रकाश बच्छ, रंजनराज आचार्य ,महेंद्र शर्मा, महेश भारद्वाज, फूल शंकर शर्मा, गोपाल त्रिपाठी, भंवर लाल शर्मा, अभिजीत शर्मा, गोविंद गौतम, राजेश गौतम, पूर्व विधायक गायत्री देवी त्रिवेदी, ज्योतिदेवी नारायण उपाध्याय, विधायक प्रत्याशी राजेंद्र त्रिवेदी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। समारोह का संचालन गोपी किशन व्यास ने किया।महासभा के पदाधिकारियों ने समाज की एकता, शिक्षा, संस्कृति संरक्षण तथा युवाओं के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। महंत श्यामसुंदर दास महाराज ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को आशीर्वाद दिया और समाज हित के कार्यों में पूर्ण समर्पण का आह्वान किया।यह समारोह गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की एकता और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बनकर उभरा।

# भव्य कलश यात्रा के साथ पुरुषोत्तम माह धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ

## काशी की तर्ज पर गंगा आरती बनी आकर्षण का केंद्र






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सनातन पुरुषोत्तम माह महोत्सव के तहत रविवार को श्री हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा के साथ धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ हुआ। यात्रा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए हरी शेवा धाम पहुंची, जहां विधि-विधान से कलश स्थापना की गई।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज के सानिध्य में निकली यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। कार्यक्रम में संत-महंतों सहित श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

इसके बाद हरी शेवा धाम में श्री विष्णु महायज्ञ, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक, श्रीराम कथा, हरिनाम संकीर्तन एवं काशी की तर्ज पर गंगा आरती का आयोजन शुरू हुआ। हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश दास उदासीन महाराज ने श्रीराम कथा में कहा कि कलयुग में परमात्मा का नाम ही मनुष्य को सद्गति प्रदान करता है तथा राम कथा जीवन जीने की कला सिखाती है।

आयोजन के तहत पूरे पुरुषोत्तम माह विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें श्रीराम कथा, भक्तमाल कथा, श्रीमद्भागवत कथा एवं शिव महापुराण कथा प्रमुख हैं। महोत्सव का समापन 15 जून को संत समागम, यज्ञ पूर्णाहुति एवं गंगा आरती के साथ होगा।

# समाज सेवा शिविर में विद्यार्थियों ने किया श्रमदान, बालाजी मंदिर परिसर की सफाई


भीलवाड़ा फोकस @ सावर

**(दिलखुश)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोरधा के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित समाज सेवा शिविर के प्रथम दिन रविवार को बालाजी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर, नालियों एवं बबूल की झाड़ियों की साफ-सफाई कर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया।

विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। प्रधानाचार्य पुष्कर राज ने



बताया कि शिविर 31 मई तक चलेगा, जिसमें विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



QUICK BITES

# श्री चारभुजानाथ दरबार में उमड़ा जनसैलाब, 43 लाख की भेंट राशि, सोना-चांदी के आभूषण चढ़े

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

राजेन्द्र बबलू पोखरना



मेवाड़ अंचल की आस्था का प्रमुख केंद्र श्रीचारभुजानाथ मंदिर शनिवार को शनि अमावस्या पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम बना नजर आया। अलसुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई जो शयन आरती तक जारी रही। भीलवाड़ा सहित आसपास के कई जिलों और गांवों से हजारों श्रद्धालु भगवान श्रीचारभुजानाथ के दर्शन के लिए कोटड़ी पहुंचे।
भीषण गर्मी और तपती धरती के बावजूद भक्तों की आस्था में कोई कमी दिखाई नहीं दी। कई श्रद्धालु नंगे पांव पैदल यात्रा कर मंदिर पहुंचे और प्रभु के दरबार में मत्था टेककर अपनी मनोकामनाएं मांगी। दोपहर की तेज धूप में भी मंदिर मार्ग पर 'जय श्रीचारभुजानाथ' के जयकारे लगातार गूंजते रहे। श्रद्धालुओं का कहना था कि भगवान के प्रति उनकी आस्था ही उन्हें इतनी गर्मी में भी यहां तक खींच लाती है। मंदिर परिसर में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित हर आयु वर्ग के श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। दर्शन के लिए घंटों इंतजार करने के बावजूद भक्तों के चेहरों पर उत्साह और भक्ति का भाव साफ नजर आया।

**वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हुआ विशेष अभिषेक व श्रृंगार**

शनि अमावस्या के विशेष अवसर पर सुबह मंदिर में भगवान श्रीचारभुजानाथ का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दूध, पंचामृत और सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान को स्वर्णजड़ित आभूषणों एवं आकर्षक पोशाक से विशेष श्रृंगार धारण कराया गया।
महाआरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर घंटियों, शंखध्वनि और जयकारों से भक्तिमय हो उठा। आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक आयोजन और भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा।

**भेंट पात्र खुलते ही गूंज उठा मंदिर परिसर**

दोपहर में मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्यामसुंदर चेचाणी एवं ट्रस्ट पदाधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर परिसर में रखे भेंट पात्र श्रद्धालुओं की उपस्थिति में खोले गए। जैसे ही भेंट राशि का ढेर सामने आया, पूरा परिसर 'श्रीचारभुजानाथ की जय' के जयकारों से गूंज उठा।सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से भेंट राशि की गिनती की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि भेंट पात्र एवं रसीदों के माध्यम से कुल 43 लाख 35 हजार 988 रुपए की राशि प्राप्त हुई। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में 1ग्राम सोना एवं 565 ग्राम चांदी के आभूषण भी अर्पित किए। सभी भेंट सामग्री का ट्रस्ट अभिलेखों में विधिवत इंद्राज किया गया।
उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों से मंदिर के भेंट पात्रों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और खुशी का माहौल है।

**श्रद्धालुओं ने धान, प्रसाद और अगरबत्ती चढ़ाई**

दिनभर श्रद्धालु हाथों में धान की थैली, प्रसाद और अगरबत्ती लेकर मंदिर पहुंचते रहे। कई भक्त परिवार सहित भगवान के चरणों में धान की मुट्ठी अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए।
मंदिर परिसर में क्षेत्रीय भजन कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते दिखाई दिए।

**भक्तों की सुविधा के लिए प्रशासन और ट्रस्ट रहा मुस्तैद**

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट एवं स्वयंसेवकों द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गईं। दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए बैरिकेडिंग, पेयजल और छाया की व्यवस्था की गई।
ट्रस्ट पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए दिनभर व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखी। कस्बे के कई समाजसेवियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं विश्राम की भी व्यवस्था की गई।

**बाजारों में दिखी रौनक, व्यापारियों के चेहरे खिले**

अमावस्या पर उमड़ी भीड़ से कोटड़ी कस्बे के बाजारों में भी विशेष चहल-पहल देखने को मिली। किराना, कपड़ा, आभूषण, जूते-चप्पल, प्रसाद, स्टेशनरी एवं अन्य दुकानों पर दिनभर खरीदारों की भीड़ रही। व्यापारियों ने इसे लंबे समय बाद मिला अच्छा व्यापारिक अवसर बताया।

**आस्था और विश्वास का केंद्र बना कोटड़ी**


शनि अमावस्या पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि श्रीचारभुजानाथ के प्रति लोगों की आस्था लगातार बढ़ रही है। तपती धूप, लंबी कतारें और कठिन परिस्थितियां भी श्रद्धालुओं के विश्वास को डिगा नहीं सकीं। दिनभर कोटड़ी कस्बा भक्ति, सेवा और आस्था के रंग में रंगा नजर आया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# आसीन्द के शिल्पकार राजेंद्र शर्मा का नया कमाल, मिट्टी से गढ़ा भगवान वेंकटेश्वर का भव्य स्वरूप

भीलवाड़ा फोकस @ आसीन्द।

कस्बे के प्रसिद्ध शिल्पकार राजेंद्र कुमार शर्मा ने अपनी अद्भुत हस्तकला से एक बार फिर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मिट्टी की कलाकृतियों के लिए पहचान बना चुके शर्मा ने इस बार भगवान वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) का बेहद आकर्षक और भव्य स्वरूप तैयार किया है, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।
कुछ माह पूर्व राजेंद्र शर्मा द्वारा मिट्टी से बनाई गई करीब 125 किलो वजनी भगवान खाटू श्याम जी की प्रतिमा सोशल मीडिया पर काफी चर्चित रही थी। उस कलाकृति को राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों में कला प्रेमियों ने खूब सराहा था। कई सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया था। अब





उन्होंने अपनी कला को नया आयाम देते हुए तिरुपति बालाजी की मनमोहक प्रतिमा तैयार की है। शर्मा ने इस प्रतिमा में भगवान वेंकटेश्वर के स्वरूप को अत्यंत बारीकी और जीवंतता के साथ उकेरा है। भगवान की श्यामवर्ण छवि, विशाल मुकुट, आभूषण, शंख एवं सुदर्शन चक्र को मिट्टी पर बेहद सूक्ष्मता से आकार दिया गया है। प्रतिमा के चारों ओर तैयार किया गया सुनहरे रंग का भव्य मेहराब इसकी सुंदरता को और अधिक आकर्षक बना रहा है, जो दक्षिण भारत स्थित प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर की झलक प्रस्तुत करता है।

राजेंद्र कुमार शर्मा इससे पूर्व राजस्थान के कई प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के लिए भी मूर्तियां तैयार कर चुके हैं। उनकी बनाई गई सांवलिया सेठ, सिंगोली श्याम, द्वारकाधीश, श्रीनाथ , बाणमाता, करणी माता, बंक्यारानी माता एवं पंचमुखी दरबार की प्रतिमाएं भी विशेष पहचान बना चुकी हैं। वे जयपुर के जवाहर कला केंद्र, अल्बर्ट हॉल तथा भीलवाड़ा के विभिन्न उद्योग मेलों में भी अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं।
कला के संरक्षण और नई पीढ़ी को इससे जोड़ने के उद्देश्य से राजेंद्र शर्मा जिले के कई विद्यालयों में क्ले मॉडलिंग शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं को मिट्टी की कलाकारी की बारीकियां भी सिखा रहे हैं। तिरुपति बालाजी के इस नवीन स्वरूप को देखने के बाद क्षेत्र के कला प्रेमियों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# पेयजल संकट से जूझ रहे गांवों को मिली बड़ी राहत, विधायक लालाराम बैरवा के प्रयासों से लगे तीन हैंडपंप..

**वर्षों से पानी की समस्या झेल रहे ग्रामीणों में खुशी की लहर, जनसंघर्ष और जनप्रतिनिधियों की पहल लाई रंग**

भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।

विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा की ग्राम पंचायत नई राज्यास के पुरानी राज्यास और रेबारी खेड़ा के ग्रामीणों को लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या से बड़ी राहत मिली है। क्षेत्र में पानी की किल्लत को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे ग्रामीणों की मांग आखिरकार पूरी हो गई। जगदीश प्रजापत ने बताया कि विधायक डॉ:लालाराम बैरवा के प्रयासों और प्रशासनिक स्तर पर की गई पैरवी के बाद तीन नए हैंडपंप स्वीकृत होकर गांवों में स्थापित किए गए हैं।ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया था। कई मोहल्लों और ढाणियों में लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा था। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे



अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या को लेकर ग्रामीण लगातार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से समाधान की मांग कर रहे थे।विधायक बैरवा ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर जल्द समाधान के निर्देश दिए।लगातार प्रयासों के बाद तीन स्थानों पर हैंडपंप स्वीकृत किए गए, जिससे अब लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।मंडल अध्यक्ष अभिषेक कलाल ने भी आमजन की समस्या को उच्च स्तर तक पहुंचाया।जानकारी के अनुसार नई राज्यास में शंकर कुमावत के खेत के रास्ते पर, पुरानी राज्यास देवथला में देवनारायण मंदिर परिसर तथा रेबारी खेड़ा में आमली कालुसिंह शमशान घाट के पास नए हैंडपंप लगाए गए हैं।
हैंडपंप शुरू होने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताया है।
ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय बाद पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। लोगों का मानना है कि इससे न केवल दैनिक जरूरतों के लिए पानी उपलब्ध होगा, बल्कि गर्मी के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी।
इस अवसर पर मंडल महामंत्री जगदीश प्रजापत, वार्ड पंच नारायण रेबारी, पाबूराम, उदाराम गुर्जर, गोपाल महाराज, त्रिलोक रेबारी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# सेवा, संस्कार और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ा रहा समाज सेवा शिविर...

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खामोर में कक्षा 11 उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए आयोजित अनिवार्य समाज सेवा शिविर का रविवार को उत्साह और उमंग के साथ शुभारंभ हुआ। 17 मई से 31 मई तक चलने वाले इस 15 दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों को सामाजिक सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।
शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नन्दसिंह राठौड़ द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा से ही व्यक्तित्व का वास्तविक विकास होता है और युवा पीढ़ी




को सेवा भावना से जुड़ना चाहिए।
व्याख्याता एवं शिविर प्रभारी विशाल सारस्वत ने बताया कि समाज सेवा शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें समाज के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, साक्षरता जागरूकता, योग अभ्यास एवं श्रमदान जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों में सेवा भाव और सामाजिक चेतना का विकास हो सके।
शिविर के सुचारू संचालन के लिए विद्यार्थियों के अलग-अलग दल बनाए गए हैं, जिसमें छात्र अमन सिंह हाड़ा को दलनायक नियुक्त किया गया है। प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा एवं योग अभ्यास के साथ शिविर की शुरुआत की। इसके बाद खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने के साथ विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर और खेल मैदान में सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।
विद्यालय प्रशासन के अनुसार शिविर के अंत में विद्यार्थियों की गतिविधियों का मूल्यांकन किया जाएगा तथा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा ग्रेड प्रदान किए जाएंगे, जो विद्यार्थियों की अंकतालिका में भी दर्ज होंगे।
इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, ग्रामीणजन एवं स्थानीय प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# कोटड़ी में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का पेसठिया छंद जाप से हुआ आगाज

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।

**राजेन्द्र बबलू पोखरना** राजस्थान प्रवर्तनी, शासन प्रभावीका पूज्या गुरुणी श्री यश कवर जी मसा की 90वी दीक्षा जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत रविवार को पेसठिया छंद के साथ आगाज हुआ। स्थानीय शीतल भवन में विराजित है पूज्या यश कंवर जी मसा की सुशिस्या शीतल ज्योति परम पूज्या श्री मणीप्रभा जी मसा ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सच्ची आस्था और विश्वास जीवन में ऊंचाइयों को प्रदान करने का काम करती है। व्यक्ति के जीवन में गुरु के बताए मार्ग पर चलने से ही कीर्ति, यश एवं वैभव की प्राप्ति हो सकती है। गुरुणि श्री यश कवरजी महाराज के दीक्षा जयंती को सामूहिक एकासन एवं सामयिक दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया। इस दौरान मधुर व्याख्यानी सुमन प्रभा जी मसा एवं तरुण तपस्वी रुचिका श्री जी म सा ने भी धर्म की व्याख्या पर प्रकाश डाला। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा, मंत्री प्रकाश पोखरना ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को सुबह 8.30 बजे से शीतल भवन में प्रवचन के दौरान यश चालीसा का पाठ तथा मंगलवार को परम पूज्या गुरुणी श्री यश कवर जी महाराज साहब के 90वी दीक्षा जयंती महोत्सव पर गुणानुवाद सभा के साथ ही सामूहिक एकासन तथा सामायिक दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक श्रावक श्राविकाओ से तप आराधना व सामायिक करने को कहा।

# 1 जून से 7 जून तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर शहर की अनुकंपा स्काई डेक सोसाइटी, 100 फीट रोड में 1 जून से 7 जून तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन अनुकंपा बालाजी महाराज की असीम कृपा से आयोजित हो रहा है, जिसमें श्रीधाम वृंदावन मोनी आश्रम से अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परम पूजनीय श्री योगेंद्र कृष्ण जी महाराज कथा वाचन करेंगे।
आयोजन समिति के अनुसार कथा शुभारंभ से पूर्व 1 जून को सुबह 7 बजे रामनगर हनुमान मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी। कथा का समय 1 जून से 6 जून तक प्रतिदिन रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक रखा गया है।
समापन दिवस 7 जून को विराम कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। प्रतिदिन शाम को महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया है।
भागवत कथा आयोजन को लेकर सोसाइटी वासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कथा के प्रचार-प्रसार के तहत आज सोसाइटी के प्रमुख सदस्यों द्वारा निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। प्रथम निमंत्रण पत्र अनुकंपा बालाजी महाराज एवं भगवान गणेश को अर्पित कर आयोजन की विधिवत शुरुआत की गई।

# आदिनाथ मंदिर में धर्म ध्वजा परिवर्तन महोत्सव श्रद्धा-भक्ति के साथ सम्पन्न

## भक्ति संध्या में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, पोखरना परिवार ने चढ़ाई धर्म ध्वजा





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेंद्र बबलू पोखरना।**

मुख्यालय स्थित श्री आदिनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर में धर्म ध्वजा परिवर्तन महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन में स्थानीय सहित विभिन्न शहरों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया।

आयोजक सज्जनसिंह पोखरना ने बताया कि सदर बाजार स्थित प्रथम तीर्थंकर युगाधिदेव श्री आदिनाथ भगवान के प्राचीन जैन श्वेताम्बर मंदिर में परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री निपूणरत्नविजय सुरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा की शुभ निश्रा में वर्ष 2014 में भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित हुआ था। तभी से प्रतिवर्ष धर्म ध्वजा परिवर्तन महोत्सव धार्मिक आस्था एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है।

महोत्सव के तहत सुबह 7 बजे धर्म ध्वजा के साथ भव्य वरघोड़ा निकाला गया। श्रद्धालु जयकारों के बीच नाचते-गाते हुए शामिल हुए। इसके बाद स्नात्र पूजा, भक्तिमय सतर भेदी पूजा एवं ध्वज पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुभ मुहूर्त में प्रातः 10:15 बजे कोटड़ी के पोखरना परिवार द्वारा श्री आदिनाथ भगवान के मंदिर शिखर पर धर्म ध्वजा चढ़ाई गई। इस दौरान पूरा वातावरण 'जय आदिनाथ' के जयकारों से गूंज उठा।

विधिकारक एवं सुप्रसिद्ध गायककार मनीष जैन पितलिया एंड पार्टी, मंदसौर (मध्यप्रदेश) ने मंत्रोच्चारण एवं मधुर भजनों के साथ पूजा सम्पन्न करवाई। उनके भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे।

एक दिन पूर्व आयोजित भव्य भक्ति संध्या में भी श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देर रात तक भक्ति गीतों की स्वर लहरियों से मंदिर परिसर गूंजता रहा और श्रद्धालु भक्तिरस में डूबे नजर आए।

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा एवं मंत्री प्रकाश पोखरना ने बताया कि पूजा कार्यक्रम के दौरान आगामी वर्ष धर्म ध्वजा फहराने की बोली भी आयोजित की गई। इसमें लादूलसिंह धूपिया करमडास ने 51 हजार 151 रुपये की बोली लगाकर आगामी वर्ष धर्म ध्वजा फहराने का सौभाग्य प्राप्त किया।

इस अवसर पर दिनकर संदेश के प्रधान संपादक दिनेश संचेती 'दिनकर' ने श्रद्धालुओं को धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और धर्म से जुड़कर कर्मों के क्षय का संदेश दिया।

कार्यक्रम में केरल, सूरत, अहमदाबाद, भीलवाड़ा, उदयपुर, प्रतापगढ़, सलावटिया, शाहपुरा, चित्तौड़गढ़, नाथद्वारा, किशनगढ़ एवं बीगोद सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में आयोजक परिवार एसएसपी ग्रुप ने सभी आगंतुकों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

# विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के लिए भीलवाड़ा से बहिने हुई रवाना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग 17 मई से 24 मई तक आदर्श विद्या निकेतन केकड़ी जिला अजमेर मैं सम्पन्न होंगा।प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश बुलिया व दुर्गावाहिनी महानगर संयोजिका सिल्की आसवानी ने बताया कि संपूर्ण भारत मैं लगने वाले दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग मैं भीलवाड़ा महानगर से 22 बहिनें वर्ग मैं भाग लेने के लिए भीलवाड़ा से केकड़ी रवाना हुई।वर्ग मैं बहिनों को दंडयुद्ध,लक्ष्यभेद,नियुद्ध,बाधा व जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा।पूरे प्रांत से आने वाली बहिनों को सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण एवं नागरिक कर्तव्य के बारे मैं मार्गदर्शन दिया जाएगा।

मातृशक्ति से विभाग संयोजिका गायत्री सोनी,अनिशा सहित 22 बहिनें वर्ग मैं गई। महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख विराट सोनी व मोहित और अन्य कार्यकर्ताओ ने वर्ग मैं जाने वाली बहिनों का भगवा दुपट्टा व तिलक लगा कर मुंह मीठा करा कर रवाना किया।

यह वर्ग पटेल आदर्श विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी में आयोजित है

# लायन्स क्लब भीलवाड़ा सिटी द्वारा एमजी हॉस्पिटल के द्वार पर 'जल सरिता' का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




सामाजिक सरोकारों के तहत लायन्स क्लब भीलवाड़ा सिटी द्वारा सोमवार को एमजी हॉस्पिटल के मुख्य द्वार पर 'जल सरिता' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान अस्पताल आने वाले मरीजों, उनके परिजनों एवं राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। अध्यक्ष लॉयन अतुल राठी ने बताया कि शहर में भीषण गर्मी के मद्देनजर आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राठी हॉस्पिटल के पास, एमजी हॉस्पिटल के गेट पर मुख्य अतिथि मनोनीत संभागीय अध्यक्ष एडवोकेट पवन पवांर के द्वारा जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। राठी ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। 'जल सरिता' के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिलेगी और यह सेवा पूरे ग्रीष्मकाल के दौरान निरंतर जारी रहेगी। सचिव दिनेश सोनी ने बताया कि शहर में कुल 7 जल मंदिर और धनोप माताजी में 1 जल मंदिर लगाया गया। इन जल मंदिर में आर्थिक सहयोग भामाशाह लॉयन अनिल चोरड़िया, कौशल श्रीमाल, गजानन्द बजाज, दिलीप तोषनीवाल, भानु जैन, अतुल राठी, दिनेश सोनी, रामरतन जागेटिया, केजी सोनी और संजय समदानी ने किया। इस अवसर पर कमल मोदी, गोपाल झंवर, दिलीप बाहेती, कैलाश डाड, श्याम समदानी, सुरेश बिड़ला, धर्मेन्द्र लाठी सहित लायन्स क्लब के कई पदाधिकारी, सदस्य तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नई राज्यास बना जैन श्रद्धा का महातीर्थ 1100 साल बाद फिर जागी आस्था की दिव्य ज्योति

## गुलाबी पाषाण की अद्भुत नक्काशी देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**





शाहपुरा के निकटवर्ती नई राज्यास गांव इन दिनों भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक उल्लास के महासागर में डूबा हुआ है। गांव की गलियों से लेकर भव्य जिनालय तक हर ओर 'जय जिनेंद्र' के जयघोष गूंज रहे हैं। 1100 वर्षों तक भूगर्भ में विराजित रहीं दिव्य प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुरू हुआ दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव रविवार को पूरे धार्मिक वैभव और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। ऐसा लग रहा है मानो सदियों पुराना इतिहास फिर से जीवंत होकर गांव की धरती पर उतर आया हो।

विशाल शोभायात्रा, बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों, धर्मध्वजाओं और भक्ति गीतों के बीच गांव भक्तिमय रंग में रंग गया। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में मंगल गीत गाती नजर आई तो युवा और बच्चे भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के साथ शोभायात्रा में उमंग से झूमते दिखाई दिए। समारोह में जैन समाज ही नहीं बल्कि अन्य समाजों के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

दो करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह भव्य दिगम्बर जैन जिनालय अब पूरे क्षेत्र की नई पहचान बनता नजर आ रहा है। वियतनाम के सफेद पत्थरों और बंसी पहाड़पुर के गुलाबी पाषाण से बने इस अद्भुत मंदिर की नक्काशी, विशाल शिखर और दिव्य स्थापत्य श्रद्धालुओं को पहली ही नजर में मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। रात में विद्युत सजावट के बीच मंदिर की स्वर्णिम आभा दूर-दूर तक आध्यात्मिक प्रकाश बिखेर रही है।

महोत्सव का शुभारंभ मज्जिनेंद्र जिन बिम्ब वेदी प्रतिष्ठा, ध्वजारोहण, कलशारोहण एवं विश्व शांति महायज्ञ के साथ हुआ। मंदिर में विराजित रक्षक देव मंशापूर्ण मानभद्र को नैवेद्य अर्पित कर विश्व शांति, समाज की खुशहाली और मानव कल्याण की प्रार्थना की गई। सोमवार को शुभ मुहूर्त में मुख्य प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

यह पूरा आयोजन प.पू. निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद तथा प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश, अशोकनगर (मध्यप्रदेश) के सानिध्य में हो रहा है। धार्मिक आयोजन में मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत तथा आरके मार्बल ग्रुप के चेयरमैन अशोक पाटनी की विशेष उपस्थिति रही।गोधा परिवार की श्रद्धा और समर्पण इस महोत्सव की सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आया है। मंदिर संरक्षक रतनलाल गोधा, अध्यक्ष भागचंद गोधा, राजकुमार गोधा, कमल गोधा और शशि गोधा ने बताया कि यह जिनालय केवल मंदिर नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का प्रेरणास्थल बनेगा।

इस महोत्सव के पीछे की कहानी भी किसी चमत्कार से कम नहीं है। गोधा परिवार के कमल और राजकुमार गोधा ने बताया कि वर्ष 2001 में धनोप क्षेत्र में नदी की सामान्य खुदाई के दौरान अचानक भगवान आदिनाथ, पारसनाथ भगवान और नंदीश्वर द्वीप की करीब 1100 वर्ष पुरानी प्राचीन दिगम्बर जैन प्रतिमाएं निकलनी शुरू हुईं। मिट्टी के नीचे छिपा सदियों पुराना इतिहास सामने आते ही लोग स्तब्ध रह गए। श्रद्धालुओं ने इसे धर्म का चमत्कार माना। बाद में इन प्रतिमाओं को पूरे श्रद्धाभाव के साथ नई राज्यास लाया गया और 23 मई 2001 को छोटे मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया।

समय के साथ जब पुराना मंदिर जीर्ण-शीर्ण होने लगा तो गोधा परिवार ने संकल्प लिया कि इन चमत्कारिक प्रतिमाओं के लिए ऐसा जिनालय बनाया जाए जो युगों तक श्रद्धा का केंद्र बना रहे। 5 फरवरी 2022 को मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर महाराज के सानिध्य में मंदिर की नींव रखी गई और आज वह सपना भव्य हकीकत बनकर सामने खड़ा है।

मंदिर के गर्भगृह को विशेष स्वर्ण आभा से सजाया गया है, जहां भगवान महावीर स्वामी की मुख्य वेदी के साथ भगवान आदिनाथ, पारसनाथ भगवान, नंदीश्वर द्वीप, मुनि सुदृढ़नाथ सहित नौ देवताओं की धातु एवं पाषाण निर्मित प्रतिमाएं विराजमान होंगी। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि आने वाले समय में यह जिनालय क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक तीर्थ बनेगा।

पूरे गांव को रंग-बिरंगी झांकियों, विद्युत सजावट और धर्मध्वजाओं से सजाया गया है। गांव की हर गली में भक्ति की लहर दिखाई दे रही है। महोत्सव के दौरान विशाल वात्सल्य भोज और सामूहिक प्रसादी का आयोजन भी किया गया है। समारोह में पवन गोधा, महावीर गोधा, अंशुल गोधा, प्रकाश चंद्र जैन, पवन कासलीवाल, विनोद कासलीवाल, जितेंद्र गोधा, दिलीप गोधा, लादूलाल शाह, सुरेंद्र पाटनी, आशुतोष सेठी सहित बड़ी संख्या में समाजजन और महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं वेद स्टोनेक्स किशनगढ़ के दिलीप कुमार वेद, निरंजन, निर्मल, प्रमोद वेद, चांवलेश्वर पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाशचंद्र कासलीवाल तथा रणथंभौर अतिशय क्षेत्र के तरुण बंज भी विशेष रूप से शामिल होंगे। नई राज्यास का यह ऐतिहासिक महोत्सव अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि श्रद्धा, समर्पण, चमत्कार और सामाजिक एकता का ऐसा जीवंत अध्याय बन चुका है जिसकी गूंज आने वाले वर्षों तक सुनाई देगी।

## QUICK BITES

# बदनोर में शनि जन्मोत्सव पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## विशेष पूजा-अर्चना के साथ भक्तों को कराया भोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



शनि अमावस्या के पावन अवसर पर भगवान शनि देव का जन्मोत्सव बदनोर कस्बे में अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस विशेष दिन को लेकर स्थानीय शनि मंदिर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों और भक्तों की आवाजाही का दौर शुरू हो गया था, जो देर शाम तक अनवरत जारी रहा। शनि देव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बदनोर कस्बे के मुख्य शनि मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और विशेष रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्य शिव दर्शन सिंह खींची ने बताया कि शनि अमावस्या का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शनि देव के दर्शन किए। भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान शनि देव का तेल, काले तिल, और पुष्पों से विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन किया। कई श्रद्धालुओं ने इस दिन व्रत रखकर परिवार में सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की।

संध्या के समय मंदिर में भगवान शनि देव की महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के पश्चात आयोजन समिति द्वारा उपस्थित सभी भक्तों को विशेष प्रसाद वितरित किया गया। सुरक्षा और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए स्थानीय वॉलिंटियर्स और समिति के सदस्य पूरे समय मुस्तैद नजर आए।

# राजस्थान पेंशनर उप शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन, लक्ष्मी नारायण बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा बिजोलिया की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद जैन एवं गोविंद पाराशर के सानिध्य में सम्पन्न कराई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

निर्विरोध गठित कार्यकारिणी में लक्ष्मी नारायण ब्रह्मभट्ट को अध्यक्ष चुना गया। वहीं दिलदार सिंह राजोरा, दुर्गालाल वर्मा एवं धन कंवर को उपाध्यक्ष बनाया गया। गोपाललाल सोनी को मंत्री सचिव, उदयलाल कोली को संगठन मंत्री तथा नंदलाल धाकड़ अधिकारी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा बालूराम धाकड़ को सलाहकार मनोनीत किया गया।

कार्यकारिणी सदस्यों में कैलाशचंद खटीक, घनश्याम धाकड़, गोपाललाल कोली, रुस्तम हुसैन, शिवनारायण तिवारी, ब्रज किशोरी, राधेश्याम गहलोत, कैलाशचंद्र तेली, नंदलाल धाकड़ पेंटर, लोकेंद्र सिंह राव एवं अशोक कुमार सोनी को शामिल किया गया।

कार्यक्रम मुख्य अतिथि अरुण कुमार चित्तौड़ा, संरक्षक घनश्याम मेड़तिया, चुन्नीलाल धाकड़ तथा भवानीशंकर पाराशर के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 11 वरिष्ठ पेंशनर्स का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

चुनाव एवं सम्मान समारोह में कुल 115 पेंशनर्स की उपस्थिति रही। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# 14 साल से फरार 5 हजार का ईनामी वारंटी गिरफ्तार, डकैती प्रकरण में था वांछित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

थाना पुलिस ने डकैती के एक पुराने प्रकरण में करीब 14 वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के ईनामी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी लंबे समय से फरारी काट रहा था और लगातार अपना ठिकाना बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। जानकारी के अनुसार, जिलेभर में फरार वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। थानाधिकारी स्वागत पाण्डया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शंकरलाल उर्फ शंकरीया पिता मोहन कालबेलिया निवासी बेबड़िया थाना डाबी जिला बूंदी है, जो वर्तमान में झालावाड़ जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के किशनखेड़ी इलाके में रह रहा था। आरोपी डकैती के मामले में वांछित था तथा उसकी गिरफ्तारी पर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी वर्षों से अपना निवास स्थान बदल-बदलकर पुलिस से बचता फिर रहा था। मुखबिर तंत्र एवं आसूचना संकलन के आधार पर पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपनी रिश्तेदारी के एक कार्यक्रम में तालेड़ा क्षेत्र में आया हुआ है। इस पर थाना पुलिस ने तालेड़ा जिला बूंदी में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह तथा कांस्टेबल मायाराम की विशेष भूमिका रही।

# सरकारी धन की बर्बादी: 4 साल पहले बिछाई बिजली लाइन आज तक चालू नहीं, खेतों में खड़े खंभे बने किसानों के लिए मुसीबत

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



क्षेत्र के बाकरा गांव में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही और सरकारी धन की बर्बादी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 4 साल पहले कृष्ण गोपाल सेन के खेत से बाघ की झोपड़ियां की ओर नारायण पिता उदा मीणा के खेत तक विद्युत लाइन बिछाई गई थी। इसके लिए किसानों के खेतों में कई बिजली के खंभे भी लगाए गए, लेकिन लाइन आज तक चालू नहीं हो सकी।

ग्रामीणों का आरोप है कि बाद में किसी कारणवश नारायण के खेत में दूसरी दिशा यानी भीमपुरा की तरफ से बिजली आपूर्ति पहुंचा दी गई, जिससे पहले से डाली गई लाइन पूरी तरह बेकार साबित हो रही है। पिछले चार वर्षों से यह लाइन बंद पड़ी है और खेतों में लगे खंभे किसानों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। किसानों का कहना है कि खंभों और तारों के कारण खेती कार्य प्रभावित होता है। ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों की आवाजाही में दिक्कत आती है, वहीं कई बार हादसे की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग को शिकायत दी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने मांग की है कि या तो बंद पड़ी लाइन को शीघ्र चालू किया जाए या फिर अनुपयोगी खंभों और तारों को हटाकर किसानों को राहत दी जाए। साथ ही पूरे मामले की जांच कर सरकारी धन की बर्बादी के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी उठाई है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।